संख्या– 1991 / 63–व0उ0–2010–117(एच) / 07

प्रेषक

एस0आर0 यादव
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग,
उ0प्र0, कानपुर।

हथकरघा वस्त्रोद्योग अनुभाग — लखनऊः दिनांकः 16 फरवरी, 2010

विषयः– एकीकृत हथकरघा विकास योजनान्तर्गत (वर्ष 2009–10) में भारत सरकार द्वारा स्वीकृत 04 हथकरघा क्लस्टरों हेतु धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक–2058 / ह0क0 / एकी0हथ0वि0यो0–ग्रुप एप्रोच 2008–09,दिनांक 26 नवम्बर,2009 के संदर्भ में एवं भारत सरकार के परिपत्र संख्या–1 / 28 / 2009–डी.सी.एच. / आई0एच0डी0एस0 / यू0पी0 / सी दिनांक 18.09.09 के कम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भारत सरकार द्वारा एकीकृत हथकरघा विकास योजनान्तर्गत 04 हथकरघा क्लस्टरों हेतु अवमुक्त संलग्न सूची के अनुसार केन्द्रांश धनराशि रू062,80,000.00 एवं इसके सापेक्ष राज्यांश की धनराशि रू0 11,55,000.00 अर्थात कुल रू0 74,35,000.00 (रू0 चौहत्तर लाख, पैंतीस हजार मात्र) की सहर्ष वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय प्रदान करते हैं।

2– उपर्युक्त प्रस्तर–1 में स्वीकृत धनराशि का व्यय करने से पूर्व वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या–बी.–1–490 / दस–2009–231 / 2009, दिनांक 20 मार्च,2009 एवं भारत सरकार के परिपत्र संख्या–1 / 2 / 2007 / डी.सी.एच. / क्लस्टर(आई0एच0डी0एस0), दिनांक 06 दिसम्बर,2007 में निर्गत निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा तथा शासकीय व्यय में मितव्ययिता बरते जाने के सम्बन्ध में वित्त विभाग द्वारा निर्गत शासनादेश के निर्देशों का अनुपालन व भारत सरकार के उल्लिखित पत्रों में निहित दिशा–निर्देशों के अन्तर्गत ही अवमुक्त / व्यय की जा सकेगी।

3– उक्त प्रस्तर–1 में स्वीकृत धनराशि का व्यय किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा तथा स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त करके 01 माह में शासन के सम्बन्धित विभागों को व भारत सरकार को उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त स्वीकृत धनराशि के मासिक व्यय विवरण प्रपत्र–बी0एम0–13 में सचिव, वित्त (व्यय नियन्त्रण) अनुभाग–6 को उपलब्ध कराया जायेगा। स्वीकृत धनरशि का सदुपयोग सुनिश्चित करने का पूर्ण उत्तरदायित्व निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग का होगा।

4– उक्त क्लस्टरों हेतु कार्यदायी संस्था "द ब्रिज सेन्टर फॉर असिस्टेन्स टू वीकर सेक्शन ऑफ द इण्डियन सोसाइटी" नामित है।चूँकि यह सोसाइटी "नान गवर्नमेंट आर्गनाइजेशन" प्रतीत हो रही है। अतः स्वीकृत धनराशि के समुचित उपयोग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का दायित्व निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग का होगा।

5– उक्त प्रस्तर–1 में स्वीकृत की जा रही धनराशि रू0 74,35,000.00 (रू0 चौहत्तर लाख, पैंतीस हजार मात्र) का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2009–10 के आय–व्ययक की अनुदान संख्या–6 के अन्तर्गत लेखा शीर्षक–"2851–ग्राम तथा लघु उद्योग–103 हथकरघा उद्योग–आयोजनागत–01–केन्द्रीय आयोजनागत / केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें–02 एकीकृत हथकरघा विकास योजना–27–सब्सिडी" के अन्तर्गत व्यवस्थित धनराशि के नामें डाला जायेगा।

6– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या–ई–6–50 / दस–2010, दिनांक 08 फरवरी, 2010 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नकः–यथोक्त।

भवदीय,

(एस0आर0यादव)
अनु सचिव।

संख्या– 1991 (1)/63–व0उ0–2009, तद्दिनांक–

उक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0, इलाहाबाद।

2– वरिष्ठ कोषाधिकारी, कानपुर नगर।

3– विकास आयुक्त, हथकरघा, वस्त्र मंत्रालय,भारत सरकार, उद्योग भवन, नई दिल्ली।

4– निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यकीय निदेशालय, 125 जवाहर भवन, लखनऊ।

5– मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी, समितियॉ एवं पंचायतें, उ0प्र0, इन्दिरा भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ।

6– वित्त (ई–6) अनुभाग/वित्त (बजट) अनुभाग–1/नियोजन अनुभाग–4

7– गार्ड पत्रावली।

आज्ञा से

(एस0आर0यादव)
अनु सचिव।

शासनादेश संख्या-1991/63व0उ0-09-117(एच)/07 दिनॉक 16 फरवरी 2010 का संलग्नक

भारत सरकार के स्वीकृत परिपत्र सं0 1/28/(1)/2009–डी0सी0एच0/आई0एच0डी0एस0/यू0पी0/सी दिनांक 18.09.2009 द्वारा एकीकृत हथकरघा विकास योजनान्तर्गत स्वीकृत 04 क्लस्टरों की प्रथम किश्त के केन्द्रांश की धनराशि के सापेक्ष अनुमानित राज्यांश का विवरण

(Rs in Lakh)

Sl. No.	Name of Cluster & district	Name of the implementing Agency(IA)	Total Project cost	Central Share	State Share	IA/Ben.share	Amount released as first installment by central govt.	Amount released as first installment by State govt.
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	Nainamau, Barabanki	The Bridge Centre for Assistance to Weaker Section of the Indian Society	60.00	51.41	7.51	1.08	15.7	2.8867
2	Darhara Barabanki		60.00	51.41	7.51	1.08	15.7	2.8867
3	Shahabpur Barabanki		60.00	51.41	7.51	1.08	15.7	2.8867
4	Kintoor, Barabanki		60.00	51.41	7.51	1.08	15.7	2.8867
	Total		**240.00**	**205.64**	**30.04**	**4.32**	**62.80**	**11.55**

(एस0आर0 यादव)
अनु सचिव।